हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 4 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 33 .5 डिग्री

न्यूनतम 12 .7 डिग्री

12 शिक्षकों को लैंगिक संवेदनशीलता के महत्व...



12 महेंद्रगढ़ की दिवाक्षी अब बॉलीवुड फिल्म में...



कपालमोचन मेला

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मंत्रमुग्ध हो रहे श्रद्धालु**

# श्रीकपालमोचन तीर्थ स्थल पर आस्था के सैलाब में तीसरे दिन दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया पवित्र सरोवरों में स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

देश के उत्तर भारत के सिंधुवन में स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थ स्थल श्री कपाल मोचन में चल रहे पांच दिवसीय मेले में तीसरे दिन श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सोमवार को मेले के तीसरे दिन करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने पहुंचकर तीर्थस्थल स्थित कपालमोचन, ऋणमोचन व सूरजकुंड सरोवरों में स्नानकर पूण्य कमाया। मौके पर श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। प्रशासन द्वारा तीनों सरोवरों पर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए।

### सूरजकुंड में स्नान कर श्रद्धालु करते हैं पुत्र प्राप्ति की कामना

पंजाब के तरनतारण से पहुंचे श्रद्धालु अवतार सिंह, गुरदेव सिंह व तीर्थस्थल स्थित मंदिर के मंहत पूर्णानंद का कहना है कि तीर्थस्थल पर स्थित सूरजकुंड सरोवर में स्नान करके श्रद्धालु गोद भराई की कामना करते हैं। उन्हें विश्वास है कि यहां मन्नत मांगने से पूर्ण होती है। मान्यता है कि पांडवों के जन्म से पूर्व कुंती ने सूर्य देव से पुत्र कर्ण की प्राप्ति के लिए यहां कठोर तप किया था। इसी तप से उन्हें कर्ण की प्राप्ति हुई थी। तभी से मेले में आने वाले श्रद्घालु यहां आकर पुत्र प्राप्ति की कामना करते हैं। माना जाता है कि सूरजकुंड सरोवर के तट पर खड़Þ कदंब के पेड पर लगने वाले फल को अगर विवाहिता की गोद में डाला जाए तो उसकी गोद भर जाती है।



**श्रद्धालुओं के लिए किए गए व्यापक प्रबंध**

मेला के मुख्य प्रशासक एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मेला स्थल पर श्रद्धालुओं के पीने के पानी व सफाई व्यवस्था के उचित प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सैंकड़ो सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं।

### कैथल व पानीपत की भजन पार्टियों ने किया मंत्रमुग्ध



मेले के तीसरे दिन सोमवार को सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के पानीपत व कैथल के कलाकारों व भजन पार्टियों ने हरियाणा, पंजाब व अन्य राज्यों से आए श्रद्घालुओं का खूब मनोरंजन किया। जिला कैथल की जगदीश एण्ड भजन पार्टी ने ड्रामा निरीक्षक रामफल शर्मा के मार्गदर्शन में भर के बचन तीन आया था भगवान का भजन.. सुनाकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भगवान की बेहतरीन प्रस्तुति पेश कर जीवन को परमात्मा में लीन करने का संदेश दिया। भजन पार्टी के कलाकारों ने जहां धार्मिक भजन श्रद्धालुओं को सुनाए। वहीं, उन्हें हरियाणवी संस्कृति के बारे लोगों को रूबरू करवाया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पानीपत से आए श्री पाल एण्ड भजन पार्टी के कलाकारों ने मां की वंदना रख लाज ज्वाला माई, तेरे भक्त खड़े दरबार में..भजन से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके अलावा सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने प्रदर्शनी मंच पर हरियाणवी रागनियों के माध्यम से भगवान की भक्ति में लीन होने एवं बुरे कार्यों से दूर रहने की प्रेरणा दी। अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

### तीर्थ सरोवरों में स्नान कर किए श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित



सोमवार को तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं ने तीर्थराज कपाल मोचन के तीनों सरोवरों-कपाल मोचन सरोवर, ऋण मोचन सरोवर व सूरजकुंड सरोवर में स्नान करने के बाद दीप दान किया। इस दौरान उन्होंने अपनी मन्नतें पूरी होने व नई मन्नतें मांगने के लिए तीर्थ सरोवरों के किनारों पर दीप प्रज्ज्वलित किए।

**खबर संक्षेप**

### सड़क किनारे खड़े युवक को मारी टक्कर, मौत

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड से रोहतक की ओर जाने वाले बाइपास के किनारे सडक पर खडे सुनील को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में सुनील की मौत हो गई। इधर, हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना पुलिस ने कृष्णा गार्डन निवासी विनय कुमार की शिकायत पर कार चालक पर केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद सुनील का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत में नशा तस्कर को पांच साल की कैद

**पानीपत।** एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने नशा तस्कर के आरोपी पप्पू पुत्र हरपाल निवासी अमरोहा, उत्तर प्रदेश को दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं पप्पू पर 25 हजार रूपये का जुर्माना किया, नहीं देने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। पप्पू पर नौ सितंबर सन 2020 में थाना मॉडल टाउन में नशा तस्करी के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

### सेक्टर-29 में पेड पर लटका मिला शव

**पानीपत।** हुडा औद्योगिक सेक्टर-29 में सडक किनारे खडे पेड पर 30 वर्षीय युवक का शव लटका मिला। वहीं, पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने शव की जांच की। इधर, मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। मृतक की उम्र करीब तीस साल है और उसके हाथ पर ओम लिखा है। पुलिस ने बताया कि युवक ने गमछे से फांसी लगाई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थानेदार अनिल ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। शव को उतारवा कर सिविल अस्पताल भिजवा दिया है।

देश व विदेश से लाखों की संख्या में लगातार आ रहे श्रद्धालु

निरंकारी संत के तीन दिवसीय समागम में उमड़ी आस्था

# अपने जीवन को आध्यात्मिक बनाएं नागरिक : मां सुदीक्षा



समालखा। सतगुरु माता सुदीक्षा।



समालखा। निरंकारी संत समागम में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

सतगुरु माता सुदीक्षा ने 78वें निरंकारी संत समागम में उपस्थित विशाल जनसागर को दिव्य प्रवचनों से किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

संत सबको एक नज़र से देखते

सांसारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए आध्यात्मिकता को जीवन में अपनाने से जीवन सहज, सुंदर एवं सफल बन जाता है।'' सतगुरु माता सुदीक्षा ने 78वें निरंकारी संत समागम में उपस्थित विशाल जनसागर को अपने दिव्य प्रवचनों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उपरोक्त भाव व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि केवल भौतिकता में आसक्त रहना अथवा आध्यात्मिक उन्नति के लिए घर परिवार की जिम्मेदारियों से किनारा कर लेना, ये दोनों ही जीवन के चरम छोर हैं। संतों ने हमेशा अलिप्त भाव से संसार में रहकर परमार्थ के मार्ग को अपनाते हुए संतुलित जीवन जीने की बात कही है। जीवन में यदि हम निराकार परमात्मा की उपस्थिति का अहसास करते हुए हर कार्य करते हैं तो वह कार्य निर्लेप भाव से युक्त सेवा ही हो जाता है, जिससे जीवन के दोनों पहलुओं की पूर्ति हो जाती है। मां सुदीक्षा ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना का जिक्र करते हुए कहा कि संत अपने जीवन में आत्मभाव जागृत करके पूरी मानवता के प्रति प्रेम भाव धारण करते हैं। संत सबको एक नज़र से देखते हुए किसी की जाति-पाति, अच्छाई-बुराई, गरीबी-अमीरी अथवा अन्य कोई भी भेदभाव मन में नहीं रखते हैं और जहां भेदभाव नहीं, वहां नफ़रत भी नहीं रहती; रहता है तो केवल प्रेम। मां सुदीक्षा ने कहा कि प्रेम देना भी है और स्वीकार भी करना है पर वास्तव में प्रेम बांटने के लिए होता है, केवल बटोरने के लिए नहीं। प्रेम वह भाव है जो जितना देते हैं उतना ही मन खुश रहता है, उसमें वापस पाने की अपेक्षा नहीं रखी जाती। संतों का भाव तो देने का होता है न कि लेने का। ठीक इसी तरह संतुलित भाव को अपनाने से मन में शिकवे की जगह निरंतर शुकराने का भाव उत्पन्न होने लगता है।



समालखा। 78वें निरंकारी संत समागम में देश-विदेश से पहुंचा लोग। फोटो : हरिभूमि

**प्रेम अद्भुत शक्तिः राजपिता**

निरंकारी राजपिता रमित ने संत समागम में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि कोई सांसारिक प्रेम में डूब जाता है तो वह अपने प्रेमी को ईश्वर का दर्जा देता है और आनंदित रहता है, तो अगर किसी के हृदय में सत्गुरु और परमात्मा के प्रति इलाही प्रेम हो तो वह भक्ति बनकर आनंदित हो उठता है, नाचने-गाने लगता है। फिर उसे किसी की भी कमियां नजर आनी बंद हो जाती हैं, सारा विश्व ईश्वर का रूप नज़र आने लगता है, हर तरफ उसे ईश्वर के ही दर्शन होने लगते हैं अर्थात प्रेम एक अद्भुत शक्ति है, इसलिए संसार में अगर प्राप्त करने योग्य कुछ है तो यही अटल सच्चाई है, यही अलौकिक प्रेम है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को मिलेगी राहत

- स्थापित होगा आधुनिक स्ट्रॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम, सरकार ने 57 .42 करोड़ की योजना को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के निचले इलाकों एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के लिए एक आधुनिक स्ट्रॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम तैयार किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए लगभग 57 करोड़ 42 लाख रुपये की विशेष प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस प्रणाली के निर्माण से अंबाला छावनी के निचले क्षेत्रों में हर वर्ष बरसात के मौसम में होने वाले जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा।

उल्लेखनीय है कि अंबाला छावनी के सदर क्षेत्र में पहले ही स्ट्रॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम स्थापित किया जा चुका है जिससे वहां के निवासियों को काफी राहत मिली है। अब इसी तर्ज पर अंबाला छावनी के अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी इस प्रणाली को विस्तारित किया जाएगा। उर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि बरसात के मौसम में अंबाला सदर के कई इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती थी। अब सरकार की इस नई योजना के तहत विभिन्न कालोनियों और बस्तियों में स्ट्रॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम की स्थापना की जाएगी, ताकि बरसात के दौरान पानी के निकासी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

**निर्माण एवं मरम्मत कार्य भी किए जाएंगे**

विज ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत डिसेंट कॉलोनी, सिमरन विहार, डिफेंस कॉलोनी, बोह, करधान, खोजकीपुर, प्रभु-प्रेमपुरम, नन्हेड़ा, लाल कुर्ती, बीसी बाजार सहित अन्य कई क्षेत्रों में पंपिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही पंप चैंबर, चारदीवारी, पंपिंग मशीनरी, पाइप लाइन, जल निकासी नालों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य भी किए जाएंगे।

**तीन दिन के रिमांड पर**

### डिजिटल अरेस्ट से एक करोड़ ठगने वाले गिरोह का सदस्य तेलगांना से गिरफ्तार

अंबाला। डिजिटल अरेस्ट के जरिए एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को पुलिस को तेलंगाना से काबू किया है। पुलिस ने अब आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने 2 नवंबर 2025 को मामले में संलिप्त अन्य आरोपी रमैया वासी जिला मुलगू तेलगांना को गिरफ्तार किया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। मामले में अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पीडित महिला ने 16 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 सितंबर 2025 से 16 सितंबर 2025 के दौरान आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट उनसे लगभग 1 करोड़ रूपये धोखाधड़ी की थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने आमजन से अपील है कि साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक बने व दूसरों को भी जागरूक करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करें।



**हेलोवीन उत्सव में बच्चों ने मनमोहा**



### प्रताप पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल में हेलोवीन का उत्सव बड़े उत्साह और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हमारे नन्हे विद्यार्थियों के शानदार डांस प्रदर्शन से हुई, जहाँ बच्चों ने आत्मविश्वास और सुंदर तालमेल से सभी का मन मोह लिया। उनकी प्यारी मुस्कानें और आकर्षक हरकतों ने पूरे वातावरण को खुशी और उत्सव के रंगों से भर दिया। इसके बाद बच्चों ने आकर्षक रैम्प वॉक में हिस्सा लिया, जहाँ वे तरह-तरह की सुंदर और रचनात्मक वेशभूषाओं में नजर आए। चुड़ैल, परी, सुपरहीरो, कार्टून कैरेक्टर और स्पूकी लुक में बच्चे बेहद प्यारे और आत्मविश्वास से भरे नजर आए। कार्यक्रम में विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी और प्रधानाचार्य विकास उतरेजा की सम्माननीय उपस्थिति ने उत्सव को और खास बना दिया। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें हेलोवीन के महत्व के बारे में समझाया कि यह एक ऐसा उत्सव है जहां बच्चे विभिन्न वेशभूषाओं में सजकर रचनात्मकता, कल्पना और आनंद के साथ गतिविधियों में शामिल होते हैं। उनके प्रोत्साहन भरे शब्दों ने बच्चों में और आत्मविश्वास भर दिया। कार्यक्रम का समापन ढेरों मुस्कानों, तालियों और यादगार तस्वीरों के साथ हुआ, जिससे यह दिन सभी के लिए बेहद आनंददायक और ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

श्रीगुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन करेंगे

# पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए जत्था किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीगुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व पर पाकिस्तान में सुशोभित गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन के लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा एक जत्था सोमवार को रवाना किया गया।

संस्था के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, मैंबर हरमनप्रीत सिंह बुट्टर, बीबी जसबीर कौर मसाना, सुखजिंदर सिंह मसाना, एडिशनल सैकेटरी कार्यालय पीए सतपाल सिंह डाचर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से इस जत्थे को रवाना किया। यह जत्था सोमवार को श्री दरबार साहिब श्री हरमंदिर साहिब श्री अमृतसर साहिब रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह बाघा बार्डर के माध्यम से पाकिस्तान प्रवेश करेगा। यहां से रवाना होने से पहले जत्थे में शामिल संगत और हरियाणा कमेटी के प्रधान, मैंबर साहिबान तथा अन्य पदाधिकारियों ने धन-धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया और सरबत के भले की अरदास की। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि संस्था द्वारा पाकिस्तान में सुशोभित गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन के लिए एक पत्र भारत सरकार को लिखा गया था। इसके उपरांत केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तान धार्मिक यात्रा पर प्रतिबंध को हटाते हुए वहां सुशोभित गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन हेतु जत्था भेजने की स्वीकृत्ति दी। उन्होंने बताया कि 200 लोगों का वीजा लगवाने के लिए अप्लाई किया गया था, लेकिन जांच पड़ताल पूरी न होने की वजह से केवल 92 लोगों का ही वीजा लग पाया है। उन्होंने संगत से संस्था की ओर से अपील की कि वह पाकिस्तान में गुरुद्वारा साहिबान में दर्शन के लिए सरकारी दिशा-निर्देश की अनुपालना करें। वहीं हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। पाकिस्तान जाने वाले धार्मिक यात्रा में शामिल संगत को पासपोर्ट वितरित करते हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा व मैंबर साहिबान।

**आज महान नगर कीर्तन भी सजाया जाएगा**

प्रकाश पर्व पर महान नगर कीर्तन भी धर्मनगरी में मंगलवार को सजाया जाएगा। हरियाणा कमेटी के मैंबर हरमनप्रीत सिंह बुट्टर ने बताया कि मंगलवार 4 नवंबर को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली किरमिच रोड से महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। धन-धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया में यह नगर सजाया जाएगा। पारपंरिक वेशभूषा में पंज प्यारें नगर कीर्तन की अगुवाई करेंगे। सुखजिंदर सिंह मसाना ने बताया कि यह नगर कीर्तन किरमिच रोड, चनारथल रोड, नई सबजी मंडी, कुटिया वाली गली, लाल सडक, थानेसर बस स्टैंड, शास्त्री मार्किट, बिड़ला मंदिर से होते हुए देर सायं ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में संपन्न होगा।

## खबर संक्षेप




### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन

**यमुनानगर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर गांव कोतरखाना में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर कमल और डॉक्टर प्रीति ने लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के बारे जागरूक किया। डॉक्टर कमल और प्रीति ने कहा कि बेटा पढ़ने के बाद एक घर का नाम रोशन करता है लेकिन बेटी पढ़ने के बाद दो घरों को रोशन करती है। इसलिए हम सभी को गर्भ में पल रही बेटियों को बचना भी है और उन्हें पढ़ा लिखा कर अच्छा इंसान बनाना है। उन्होंने कहा कि लोग लड़कों की चाहत में लड़कियों को गर्भ में ही मरवा देते हैं। जिससे लिंगानुपात गिर रहा है। उन्होंने कहा कि गर्भ में भ्रूण लिंग जांच करवाना गैर कानूनी है। ऐसा करने पर तीन से पांच वर्ष तक की सजा तथा जुर्माना हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियां व उनके दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। मौके पर आशा कार्यकर्ता रामकुमारी, सुनीता, आंगनवाड़ी वर्कर राजरानी, जसपाल कौर, सरपंच पूजा रानी, नरेंद्र कुमार, भूपेंद्र सिंह व गीता आदि मौजूद रही।

### बाइक की टक्कर लगने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** जिले के साढौरा में बाइक की टक्कर लगने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला अंबाला के गांव कड़ासन निवासी हरनेक सैनी ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका फूफा 78 वर्षीय ईश्वर सिंह एक नवंबर को साढौरा किसी काम से आया था। साढौरा मार्केट में अज्ञात बाइक चालक ने उसके फूफा को टक्कर मार दी। जिससे उसका फूफा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

# कपालमोचन तीर्थ पर स्नान के बाद मंत्रा देवी के दर्शन की है परंपरा

## माता मंत्रा देवी मंदिर बना भक्तों की आस्था का केंद्र

**मेले के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने आदिबद्री में ऊंची पहाड़ी पर स्थित मां मंत्रा देवी के दर्शन कर लिया आशीर्वाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

महर्षि वेदव्यास की तपोस्थली श्रीकपालमोचन तीर्थ स्थल से कुछ ही दूरी पर आदिबद्री क्षेत्र में शिवालिक पर्वत श्रृंखलाओं में सबसे ऊंची पहाड़ी पर स्थित माता मंत्रा देवी का मंदिर मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि कपालमोचन तीर्थ स्थल के पवित्र सरोवरों में स्नान करने के बाद माता मंत्रा देवी के दर्शन करने से मनोकामना पूर्ण होती है। यही वजह है कि कपाल मोचन मेले के दौरान रोजाना माता मंत्रा देवी के मंदिर में हजारों श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। मेले के तीसरे दिन सोमवार को भी दिन भर मां मंत्रा देवी के मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। मां के जयकारे लगाते हुए भक्त सीढ़ियां चढ़ते हुए नजर आए।


**यमुनानगर ।** कपाल मोचन तीर्थ पर स्नान के बाद पर्वत शिखर पर विराजमान माता मंत्रा देवी के दर्शन करने जाते श्रद्धालु।

### सरोवरों के बाद आते हैं शिखर पर

कपाल मोचन मेला में सदियों से आने वाले श्रद्धालु एवं यात्री पहले यहां के तीनों पवित्र सरोवरों में स्नान करते हैं। इसके बाद आदिबद्री क्षेत्र में स्थित सरस्वती के उद्गम स्थल के दर्शनों व आदि नारायण मंदिर तथा केदारनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद ऊंचे पर्वत पर स्थित माता मंत्रा देवी के मंदिर में जाते हैं।

### भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी के साथ जुड़ा है माता मंत्रा देवी का इतिहास

बताते हैं कि एक बार भगवान विष्णु पृथ्वी के संकटों को दूर करने के लिए बैकुंठ धाम छोड़कर आदिबद्री स्थित सरस्वती नदी के उद्गम स्थल के नजदीक तप करने लगे। उन्हें पृथ्वी पर जाकर अकेले तप करते देख माता लक्ष्मी भी वहां पहुंच गई। उन्होंने देखा कि समस्त भू-मंडल के मालिक भगवान विष्णु बैशाख-ज्येष्ठ (मई-जून) महीने की कठोर धूप में खुले आकाश के नीचे घोर तप कर रहे हैं। लक्ष्मी यह दृश्य देख न सकी और माता लक्ष्मी एक बदरी (बेरी) का पेड़ बनकर भगवान विष्णु को शीतल छाया प्रदान करने लगी। जिस दिन भगवान विष्णु का तप पूरा होने पर देवताओं ने यज्ञ का आयोजन किया। तब समस्या यह आ गई कि अर्धांगिनी के बिना यज्ञ कैसे पूरा होगा। भगवान विष्णु की चिंता को दूर करने के लिए समस्त देवताओं ने यज्ञ से एक दिव्य कन्या को प्रकट किया और भगवान विष्णु को इसे अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार करने को कहा। जिसे सुनकर माता लक्ष्मी बेरी का पेड़ त्याग कर साक्षात रूप में प्रकट हो गई। माता लक्ष्मी के प्रकट होने पर भगवान विष्णु ने मंत्रों से प्रकट हुई उस कन्या से कहा कि आप अत्यंत भाग्यशाली हो। मैं आपके साथ सदा ही निवास करूंगा। परन्तु अब लक्ष्मी आ गई हैं इस अवस्था में आपको ग्रहण नहीं कर सकता। आपके उपकार के निमित मैं आपको सम्पूर्ण शक्ति प्रदान करके आपके भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हुए कलयुग में आपका चारों दिशाओं में यश फैलाऊंगा। भगवान विष्णु ने यह कहते हुए माता मंत्रा देवी को आदेश दिया कि वह पर्वत शिखर में निवास करें। उन्होंने यह भी वरदान दिया कि पर्वत शिखर पर तुम्हारी दिव्य लालवर्ण के पत्थर की प्रतिमा में मैं तुम्हारे साथ निरंतर निवास करूंगा। फिर भी यह स्थान मेरे नाम से न होकर केवल तुम्हारे नाम मंत्रा देवी के नाम से ही जाना जाएगा। इस पुण्य तीर्थ में लोग पूजा भी तुम्हारी ही करेंगे। कलयुग में भक्तों को वरदान देने के लिए माता मंत्रा देवी के नाम से आप सदा ही सुविख्यात होंगी।

### तीसरी आंख से मेला परिसर में हो रही श्रद्धालुओं की सुरक्षा



**यमुनानगर।** कपालमोचन मेले में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटे इसके लिए प्रशासन ने चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। सौ एकड़ में फैले कपालमोचन मेला परिसर में प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर क्लॉज सर्किट कैमरे लगाए हुए हैं। इन कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। खास बात यह है कि इन कैमरों के माध्यम से मेला परिसर में होने वाली प्रत्येक गतिविधि का लेखा-जोखा कंट्रोल रूम में प्रस्तुत हो रहा है। प्रशासन ने इस बार मेला परिसर में कई डिस्पले मॉनिटर लगाकार असामाजिक तत्वों पर पूरी तरह नकेल कस दी है।

### श्रद्धालुओं को भा रहा गोहाना का देसी जलेब



श्री कपालमोचन मेले में देसी देसी घी से बना गोहाना का जलेब श्रद्धालुओं को खूब भा रहा है। पिछले कई वर्षों से गोहाना के जलेब बनाने वाले बलजीत श्री कपालमोचन मेले में आकर देसी घी के जलेब बनाते हैं। इस बार भी श्रद्धालुओं को बलजीत द्वारा बनाया जा रहा जलेब खूब भा रहा है। बलजीत ने बताया कि उन्होंने 30 रुपये महीने की नौकरी पर जलेबी बनानी सीखी थी। जलेबी बनाने का जुनून इतना बढ़ गया कि 1980 से उन्होंने अपना जलेबी बनाने का काम शुरू कर दिया जो बाद में जलेबी से गोहाना के जलेब के नाम से पूरे भारत में मशहूर हो गया। उन्होंने बताया कि कपाल मोचन मेले में वह कई सालों से आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बनाई गई जलेब को सभी दलों के बड़े बड़े राजनेताओं ने चखा है और उसे सराहा है। इस साल मेला कपाल मोचन में उसके साथ जलेबी बनाने वाले आठ कारीगर आए हैं। उनके द्वारा बनाई गई जलेबी श्रद्धालुओं द्वारा काफी मात्रा में खरीद की जा रही है।

### बाइक चोर को गिरफ्तार कर तीन वाहन बरामद

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की तीन बाइकें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को बेचने के लिए कलानौर बॉर्डर होता हुआ उत्तर प्रदेश की तरफ जाएगा। इस सूचना के आधार पर एएसआई हुसन, उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र, योगेश, रविंदर व नरेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। यहां पकड़े आरोपी की पहचान जिला सहारनपुर के गांव सुल्तानपुर निवासी फरीद उर्फ मुन्ना के नाम से हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी से चोरी की तीन बाइक बरामद हुई है। आरोपी ने बाइक थाना सदर यमुनानगर क्षेत्र के गांव भूत माजरा से 18 अक्टूबर को तथा करीब 4 महीने पहले थाना छप्पर के गांव ऊंचा चांदना से एक और बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## इनेलो ने जन मुद्दों को लेकर किया आक्रोश प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

इनेलो कार्याकर्ताओं ने सोमवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर जिला सचिवालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान इनेलो कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदे जाने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिए जाने समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। सोमवार सुबह इनेलो के हजारों कार्यकर्ता पूर्व विधायक चौधरी दिलबाग सिंह के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष जगाधरी अनाज मंडी गेट पर पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान इनेलो कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार किसानों समेत सभी वर्गों की अनदेखी कर रही है। जिसे इनेलो बर्दाश्त नहीं करेगी।

- प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए इनेलो कार्यकर्ता।

इसके बाद इनेलो कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम उपायुक्त को सौंपकर सरकार से बाढ़ प्रभावित इलाके के किसानों समेत अन्य लोगों को हुए नुक्सान का मुआवजा दिए जाने, एमएसपी पर फसलें खरीदी जाने, बेरोजगारों को रोजगार दिए जाने, प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को ठीक किए जाने आदि समेत अन्य मुद्दों का जल्द हल किए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर इनेलो कार्यकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधायक चौधरी दिलबाग सिंह ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार रोकने में बुरी तरह विफल साबित हुई है।

### बाढ़ से भारी नुकसान

पूर्व विधायक चौधरी दिलबाग सिंह ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। भ्रष्टाचार से लोग त्रस्त हैं। मगर सरकार मौन है। क्योंकि सरकार भ्रष्टाचार समाप्त करने में नाकाम हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक सभी राजनैतिक दलों की सरकारों का लोगों ने काम देख लिया है। मगर अब प्रदेश की जनता इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार देखना चाहती है। प्रदेश की जनता चाहती है कि अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में सरकार बनने पर उनकी समस्याएं दूर हो सकें। मौके पर इनेलो के महासचिव मंगत राम सैनी ने बताया कि बाढ़ एवं वर्षा से हरियाणा के 12 जिलों के चार लाख किसानों की 19 लाख एकड़ जमीन पर लगी फसले प्रभावित हुई हैं। हरियाणा के 6 हजार के लगभग गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। किसानों को जहां फसलों का नुकसान हुआ है। वहीं, उनके पशुओं को भी हानि हुई है।

## एकलव्य ने 400 मीटर दौड़ में पाया द्वितीय स्थान



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सेकंडरी स्कूल खुर्दी यमुनानगर के अंडर-11 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने गत दिवस स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित करवाई गई राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। सोमवार को विजेता खिलाड़ियों के स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज व चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज समेत स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है। स्कूल की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि गत दिवस स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अंडर-11 राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल के खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उनके स्कूल की खो खो प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले व स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं, उनके स्कूल के छात्र एकलव्य ने 400 मीटर रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया और रुद्र प्रताप ने शॉट पुट में तीसरा स्थान प्राप्त किया ।

### बिजली की दुकान का शटर तोड़कर चुराया सामान

**यमुनानगर।** शहर के हमीदा क्षेत्र में चोरों ने बिजली की दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दुकानदार संजू प्रजापत ने बताया कि उसकी सहारनपुर रोड पर प्रजापत इलेक्ट्रिकल के नाम से इनवर्टर और बैटरी की दुकान है। वह देर शाम दुकान को ताला लगाकर घर चला गया था। सुबह करीब छह बजे उसके पास पड़ोसी दुकानदार का फोन आया कि उसकी दुकान का शटर उखड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वह तुरंत मौके पर पहुंचा। उसने देखा कि शटर के ताले लगे हुए हैं लेकिन शटर को बीच में से किसी रॉड की मदद से उखाड़ा गया है। जब वह शटर खोलकर अंदर गया तो सामान बिखरा पड़ा था। दुकान से 30 से 40 नई बड़ी बैटरी, सेल्फ व अन्य स्पेयर पार्टस चोरी किए गए थे। जिनकी कीमत चार से पांच लाख रुपये के बीच है। उसने बताया कि दुकान पर कुछ बैटरियां ठीक होने के लिए आई हुई थी। चोरों ने उन्हें भी चोरी कर लिया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज**

## तहसील परिसर में शौचालय की हालत खस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

तहसील रादौर में सार्वजनिक शौचालयों की हालत खस्ता हो गई है। तहसील रादौर में शौचालयों के दरवाजे टूटे पड़े हैं। शौचालयों की टूटे दरवाजे अधिकारियों की लापरवाही की कहानी बयां कर रहे हैं। तहसील में हजारों लोग आते हैं, जिसमें महिलाएं भी शामिल होती हैं। अब टूटे दरवाजे वाले शौचालयों में महिलाएं कैसे जाएं। अधिकारी व कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। तहसील कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है।

- क्षेत्रवासियों ने शौचालय ठीक करवाने की रखी मांग

क्षेत्र निवासी राजेश, सुंदरलाल, कैलाश, रमेश, कुलदीप, नितिश, राहुल, कुलबीर आदि ने बताया कि तहसील रादौर मे शौचालयों की हालत बहुत खराब है। शौचालय के पाइप टूटे पड़े हैं। वहीं, शौचालयों में दरवाजे टूट चुके हैं। वहीं पीने के पानी की व्यवस्था भी सही नहीं है। टंकियों की साफ सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। तहसील परिसर में 5-6 फुट जंगली घास उगी हुई है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। तहसील रादौर में लाखों रुपये का काम हररोज किया जाता है। परंतु तहसील अधिकारी जनता की सुविधाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। जब रेवेन्यू विभाग पैसा लोगों से कमा रहा है, तो उनको जनता की सुविधा का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द शौचालयों के दरवाजे ठीक करवाए जाएं।


यमुनानगर के रादौर स्थित तहसील में टूटा पड़ा शौचालय।

### लाइक पब्लिक स्कूल में करवाया तुलसी विवाह



**रादौर।** शहर के लाइक पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्रांगण में सोमवार को भगवान शालिग्राम व माता तुलसी के पावन विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापिकाओं ने बड़े उत्साह व श्रद्धा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोडना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू रानी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय परिसर को सुंदर मंडप के रूप में सजाया गया था, जिसमें तुलसी जी व शालिग्राम जी की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच विवाह की सभी रस्में जैसे गुंछी होम, हल्दी लगाना, माला बदलना आदि पूरे भक्तिमय वातावरण में संपन्न की गईं। प्रधानाचार्य मंजू रानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तुलसी विवाह का यह पावन पर्व हमें पवित्रता, श्रद्धा और सादगीपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है। ऐसे धार्मिक आयोजन छात्रों में आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति सम्मान और अपनी संस्कृति व जड़ों से जुड़े रहने की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

## विद्यार्थियों को नई तकनीक का ज्ञान जरूरी : चौटानी



**रादौर।** शहर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के बीसीए विभाग की ओर से सोमवार को जनरेटिव ऐआई पे एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें बीसीए, सीएसई व आईटी के 100 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता पारुल चौटानी, जयपुर के प्रथम सॉफ्टवेयर कंपनी में डाटा साइंटिस्ट रही पारुल चौटानी ने विद्यार्थियों को नई तकनीक सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जनरेटिव ऐआई, रैग और चैटबोट के बारे में बताया। कॉलेज निदेशक डॉक्टर एसके गर्ग ने कहां कि इस तरह के एक्सपर्ट लेक्चर विद्यार्थियों को आने वाली तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं और उनके करियर को सही दिशा में ले जाते हैं। इस अवसर पर बीसीए विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर नवदीप कुमार चोपड़ा, संवेदना, रूज मुनजाल, अनु धीमान आदि मौजूद रहे।

- जेएमआईटी कॉलेज के बीसीए विभाग का आयोजन

## सफाई कर्मचारी 9 नवंबर को सीएम सिटी कुरुक्षेत्र में करेंगे महापुकार रैली

**रैली को सफल बनाने के लिए सफाई कर्मचारियों ने शहर में पोस्टर लगाकर चलाया संपर्क अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा नौ नवंबर को सीएम सिटी कुरूक्षेत्र में महापुकार रैली की जाएगी। जिसमें सफाई कर्मचारियों की वेतन बढौतरी की मांग की जाएगी। रैली को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों द्वारा शहर में पोस्टर लगाकर संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें सफाई कर्मचारियों को महापुकार रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया।

इकाई प्रधान पपला ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की सफाई के काम में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने, सभी पार्ट टाइम, दैनिक वेतन भोगी, पालिका रोल व ठेकाप्रथा में लगे सभी सफाई व सीवर कर्मचारियों की नौकरी पक्का करवाने एवं शोषण, छटनी और पक्की भर्ती करने की मांग को लेकर प्रदेश के सभी सफाई कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले नौ नवंबर को होने वाली सफाई कर्मचारियों की महापुकार रैली को सफल बनाने के लिए जिले भर में सैंकड़ों सफाई कर्मचारी प्राइवेट बसों और अपने वाहनों से रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने 11 वर्षों में एक भी सफाई कर्मचारी की नियमित भर्ती नहीं की है।


**यमुनानगर।** महापुकार रैली को लेकर पोस्टर लगाकर संपर्क अभियान चलाते सफाई कर्मचारी।

### वेतन के नाम पर मजाक

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने वेतन बढ़ोतरी के नाम पर भी बड़ा मजाक किया है। मुख्यमंत्री को घोषणा के अनुसार एरियर सहित 26 हजार व 27 हजार रुपये वेतन सफाई कर्मचारियों को देना चाहिए। उन्होंने सरकार द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से सफाई और सीवर कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने सबसे अधिक सफाई कर्मचारियों की छंटनी की है। गुरुग्राम, मानेसर, सिरसा, सोनीपत सहित गांव के हजारों सफाई कर्मचारी बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। इस अवसर पर सचिव सुभाष, वरिष्ठ उपप्रधान रमेश कुमार, उपप्रधान जनकराज, सनी, रमन कुमार, संजय गहलोत, सुनील कुमार व सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

**विकास** नगर निगम ने विकास कार्यों के जारी किए ऑनलाइन टेंडर

## निगम क्षेत्र में होंगे 1.24 करोड़ रुपये के विकास कार्य : बहमनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा निगम क्षेत्र में एक करोड़ 24 लाख की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों के टेंडर जारी किए हैं। उक्त जानकारी मेयर सुमन बहमनी ने सोमवार को अपने कार्यालय में दी।

- मेयर सुमन बहमनी ने शहर के विकास कार्यों की जानकारी

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि जिन विकास कार्यों के टेंडर अलॉट किए गए हैं। उनमें वार्ड नंबर 10 में 16 लाख सात हजार रुपये के विकास कार्य किए जाएंगे। वहीं, वार्ड 21 में 16 लाख सात हजार रुपये की लागत से संदीप नाथ के घर से धर्मपाल के घर वाली गली तक स्टॉर्म वाटर लाइन डालने व पक्की गली का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसी तरह 62 लाख सात हजार रुपये की लागत से नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। इससे निगम क्षेत्र में शौचालयों की समस्या का समाधान होगा। बाजारों में शौचालयों के निर्माण का प्रस्ताव हाल ही में नगर निगम सदन की बैठक में पास हुआ था। बैठक में पांच नए सार्वजनिक शौचालय बनाए जाने का प्रस्ताव पास हुआ था। जिनमें पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग अलग शौचालय होंगे। इन उक्त कार्यों के भी टेंडर जारी किए गए हैं। संबंधित सफाई निरीक्षक इनकी देखरेख करेंगे। शौचालयों का निर्माण होने से बाजारों में आने वाले नागरिकोंए दुकानदारों व महिलाओं की परेशानी दूर होगी। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि तीनों विकास कार्यों के ऑनलाइन टेंडर जारी किए गए है। इच्छुक एजेंसियां टेंडर के लिए आवेदन कर सकती हैं। टेंडर अलॉट होने के बाद तीनों विकास कार्य कराए जाएंगे। ये विकास कार्य होने से निगम क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ होगा।


**यमुनानगर ।** नगर निगम द्वारा विकास कार्यों के लिए जारी किए गए टेंडर की जानकारी देते हुए मेयर सुमन बहमनी।

## खबर संक्षेप

### पिहोवा से निकली श्रद्धा और सेवा की यात्रा

**पिहोवा।** समाजसेवा और भक्ति के मार्ग पर निरंतर अग्रसर बाबा मुराद शाह युवा संस्था, पिहोवा द्वारा आज चौथी बस यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा पिहोवा की अध्यक्ष एवं जिला कष्ट निवारण समिति की सदस्य श्रीमती गीता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर गीता शर्मा ने कहा कि धार्मिक यात्राएं न केवल आस्था को बल देती हैं, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सेवा की भावना को भी प्रबल करती हैं।

### लाडवा हिनोरी रोड पर लगेगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**लाडवा।** लाडवा हिनोरी रोड पर भगतराम धर्म कांटे के पास बने आरोग्य धाम के सौजन्य से दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



यह जानकारी देते हुए डॉक्टर सुभाष लोधी ने बताया कि शिविर में दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच व इलाज 6 नवंबर व 7 नवंबर को प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। शविर में एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉक्टर सीमा सिंह, योग विशेषज्ञ डॉक्टर आर एन सिंह, व डॉक्टर कमलेश, व डॉक्टर शशी लोधी शिरकत करेंगे।

### पिहोवा की साफ-सफाई में नहीं होगी कमी : आशीष

**पिहोवा।** नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि पिहोवा शहर को सफाई के विषय पर नंबर एक पर लाने के लिए सरकार व प्रशासन कार्य कर रहे हैं। शहर में साफ-सफाई व शहर के सौंदर्यकरण को लेकर सभी एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। वे सोमवार को नगरपालिका कार्यालय में पार्षदों व प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का प्रथम आकर्षण वहां का सौंदर्यकरण व साफ-सफाई होता है। पिहोवा शहर एक धार्मिक क्षेत्र है। हर वर्ष कई प्रकार के कार्यक्रम तथा उत्सवों की रौनक शहर में लगी रहती है।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल के बच्चों ने किया धार्मिक भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** गुरुपुरब के पावन अवसर पर लिटिल मिलेनियम स्कूल, 7-बी अमीन रोड के नन्हे विद्यार्थियों को एक धार्मिक एवं शैक्षणिक भ्रमण पर गुरुद्वारा छठी पातशाही ले जाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों और शिक्षाओं को जाना। विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने गुरुद्वारे में मत्था टेका, कीर्तन श्रवण किया तथा लंगर में सहभागी बनकर सेवा और समानता का अनुभव किया। विद्यालय की निदेशक श्रीमती चेष्टा सलूजा ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों में आध्यात्मिकता, संस्कार और सामुदायिक सद्भाव की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। चीफ लर्निंग ऑफिसर श्रीमती ज्योति खनेजा ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को गुरु नानक देव जी के जीवन-मूल्यों — सत्य, सेवा और नम्रता से जोड़ना था।

## पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने किया जिला युवा महोत्सव का शुभारंभ

# देश को बुलंदियों पर ले जाने के लिए युवा पीढ़ी को सशक्त बनाना जरूरी

- विद्यार्थियों ने दी बेहतरीन रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश की भावी पीढ़ी के मजबूत कंधों पर ही देश का भविष्य निर्भर है, इसलिए देश की भावी पीढ़ी को सशक्त बनाना बहुत जरूरी है। इसके लिए विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने की जरूरत है। इसी विषय को फोकस रखकर ही सरकार नीतियों और योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम कर रही है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला के सभागार में जिला प्रशासन एवं युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग द्वारा आयोजित 2 दिवसीय जिला युवा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने अपने संबोधन में कहा कि आज कार्यक्रम में जिस प्रकार की विभिन्न विधाएं देखने को मिली है उन्हें हमें अपने जीवनशैली में शामिल करना चाहिए।



**कुरुक्षेत्र।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### विद्यार्थियों के बनाए गए माडल की जानकारी ली

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश भर में जिला युवा महोत्सव आयोजित हो रहे है, इन महोत्सवों में जो विद्यार्थी प्रथम आएंगे उन्हें प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। और जो विद्यार्थी प्रदेश में प्रथम आएगा उसे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। इस भूमि पर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म का संदेश दिया था, आज के युवा संकल्प ले कि हम अपने कर्म, कौशल और नवाचार से समाज और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री ने विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन किया तथा विद्यार्थियों से उनके द्वारा बनाए गए मॉडलों के बारे में जानकारी ली।

### महोत्सव में 41 पुरस्कार दिए जाएंगे

कार्यक्रम को विशिष्टद्ध अतिथि के रूप में भाजपा नेता प्रदीप झांब ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर आईटीआई के प्रिंसिपल जगमोहन ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह महोत्सव दो दिवसीय है और इस महोत्सव में 41 पुरस्कार दिए जाएंगे तथा महोत्सव में ग्रुप फोग डांस, ग्रुप फॉग सॉग, पोएट्री राइटिंग, स्टोरी राइटिंग, पेंटिंग डक्लानेशन, साईंस मेला, फोग म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इस मौके पर आईटीआई के सभी सदस्य तथा भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### श्रीगुरुतेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर शिरकत करेंगे प्रधानमंत्री : सुधा



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर श्री गुरुतेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में शामिल होकर महोत्सव के साथ एक नया अध्याय जोड देंगे। इस विषय को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को यमुनानगर में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलने के साथ-साथ 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुरुक्षेत्र आगमन को लेकर विस्तार से चर्चा भी की गई। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से संत महापुरुष सम्मान एवं प्रचार प्रसार योजना के अंतर्गत कुरुक्षेत्र की धरा पर 25 नवंबर को श्री गुरुतेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। इस शहीदी दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आना लगभग आना तय हो चुका है। इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात हुई है और उन्होंने तैयारियां करने के लिए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे और ब्रह्मसरोवर के पवित्र जल का आंचमन भी करेंगे। इस महोत्सव में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नया इतिहास भी रचेंगे और इस महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नया मुकाम भी हासिल होगा।

## सांसद नवीन जिन्दल ने की घोषणा, पीएम मोदी के फिट इंडिया अभियान को सशक्त बनाना उद्देश्य

# सांसद खेल महोत्सव के विजेताओं में बांटी जाएगी दो करोड़ की इनामी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित होने जा रहा "सांसद खेल महोत्सव" एक ऐतिहासिक और भव्य आयोजन बनने जा रहा है। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव में सांसद नवीन जिन्दल ने विजेताओं के लिए दो करोड़ रुपए की ईनाम राशि अलग अलग श्रेणी में देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने यह घोषणा करते हुए कहा है कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान सशक्त बनाना है। इसके साथ साथ खेल प्रतिभाओं को पहचान देना, ग्रामीण युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, नशे से दूर करना और फिटनेस के प्रति जागरूकता लाना है।उन्होंने बताया कि दो करोड रुपए की इनाम राशि सांसद खेल महोत्सव के विजेताओं को खेलों में उनके द्वारा प्राप्त किए गए स्थान के अनुसार वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि खेल महोत्सव आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक हैं। इस महोत्सव में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। यह महोत्सव युवाओं को नशे से दूर करने में काफी हद तक मददगार साबित होगा। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा ।

3.30 लाख प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण



नवीन जिंदल

### तीन चरण में होगा आयोजन

-प्रथम चरण में ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिताएं 14 नवंबर से 22 नवंबर तक आयोजित होंगी।
-द्वितीय चरण में विधानसभा स्तर की प्रतियोगिताएं 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक होंगी।
-तृतीय चरण में लोकसभा स्तर की प्रतियोगिताएं 15 दिसंबर से 24 दिसंबर तक संपन्न होंगी।

### ये प्रतियोगिताएं होंगी

इन प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, बॉडी बिल्डिंग, रस्सीकूद, तीरंदाजी, हॉकी, जूडो, कुश्ती, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, रस्साकशी, कबड्डी, पोलो, खो-खो, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स और हेल्थ-वेलनेस शामिल होंगे।

### कमेटी का किया गठन

महोत्सव के सफल संचालन के लिए सांसद के निर्देशानुसार विभिन्न प्रबंधकीय समितियाँ गठित की गई हैं, जो टीम निर्माण, स्थान निर्धारण, रेफरी और खेल सामग्री जैसी व्यवस्थाओं को युद्धस्तर पर पूरा कर रही हैं। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों के लिए विशेष रूप से टी-शर्ट डिजाइन कराई गई हैं। सांसद नवीन जिन्दल का यह प्रयास "फिट इंडिया" और "खेलो इंडिया" जैसे राष्ट्रीय खेल अभियानों को स्थानीय स्तर पर नई ऊर्जा देने वाला कदम है। यह आयोजन कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को हरियाणा में खेल प्रतिभाओं का केंद्र बनाएगा और युवाओं को आत्मविश्वास और अवसर दोनों प्रदान करेगा।

# सतनाम श्रीवाहेगुरु के जयकारों से गूंजी नगरी

- गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के पावन उपलक्ष्य में निकाला नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद





गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के पावन उपलक्ष्य में शाहबाद मारकंडा की गलियां सतनाम श्री वाहेगुरु के जयकारों से गूंज उठीं। नगर में निकाले गए भव्य नगर कीर्तन का रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा लैंडमार्क चौक पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों और उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने समता, भाईचारे और सेवा का संदेश देकर मानवता को एक नई दिशा दी। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब समाजसेवा और मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाने में सदैव अग्रणी रहा है। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन गौरव अरोड़ा तथा सतलुज स्कूल समिति द्वारा इस सेवा को स्पॉन्सर किया गया। क्लब सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक संगत को जल सेवा प्रदान की तथा फल का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर डॉ. एस. एस. आहूजा, राज कुमार गर्ग, एस. सी. सिंगला, सुरेश गोगिया, समीर सेठी, अंकुश मक्कड़, मोहसिन खान, इंद्रजीत कौर, अमरजीत कौर आदि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर इनेलो ने किया प्रदर्शन

- पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी ने किया प्रदर्शन का नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



किसानों की समस्याओं को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल ने सोमवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी ने किया। शेर सिंह बड़शामी ने बताया कि प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और सरकार का ध्यान किसानों की अनदेखी और उनके शोषण की ओर आकर्षित करना है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों की फसल खराब हो चुकी है। अब तक उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। किसानों की धान, बाजरा और अन्य फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर न खरीदे जाने या खरीद में आनाकानी करना। इनेलो का कहना है कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के चलते अन्नदाता लगातार कर्ज और निराशा में डूब रहा है। प्रदर्शन के दौरान शेर सिंह बड़शामी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकतार्ओं ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव बूटा सिंह, जिला अध्यक्ष जयपाल चढ़ूनी, थानेसर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण बूरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाढ़ से 12 जिलों में नुकसान हुआ

इनेलो नेताओं ने बताया कि इस वर्ष जुलाई-सितंबर महीनों में औसत से अत्यधिक बारिश और जलभराव की निकासी एवं बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम को समय पर सरकार की ओर से सुचारू रूप से क्रियांवित न करने व समय पर ध्यान न देने की वजह से पूरे हरियाणा में खरीफ की फसलों का खराबा हुआ। जिनमें 12 जिलों में अत्यधिक नुकसान हुआ है। करीब साढ़े 4 लाख किसानों का 19 लाख एकड़ फसल में नुकसान हुआ है। सरकारी मशीनरी बाढ़ नियंत्रण रखने में पूरी तरह नाकाम रही। जिस कारण प्रदेश के करीब 6 हजार गांव प्रभावित हुए।



### सीएम ने दिग्विजय सिंह को दिया आशीर्वाद

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच के पुत्र दिग्विजय सिंह को आशीर्वाद दिया और रिंग सेरामनी की बधाई और शुभकामनाएं दी। सोमवार को यमुनानगर के एक निजी होटल में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली और भाजपा के नेता और अधिकारी गण ने शिरकत की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच व उनके परिजनों को बधाई दी है।

# धर्म से जुड़ाव ही समाज को बनाता है मजबूतः स्वामी विद्यागिरी

- गोबिंदानंद आश्रम में तुलसी विवाह कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



**पिहोवा।** गोबिंदानंद आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी के साथ यजमान परिवार व अन्य।

शिवपुरी रोड स्थित गोबिंदानंद आश्रम में आयोजित तुलसी विवाह कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंची महामंडलेश्वर स्वामी विद्यागिरी ने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और संस्कार फैलाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना प्रबल होती है। महामंडलेश्वर ने कहा कि जब समाज धर्म और संस्कृति से जुड़ता है, तभी नैतिक मूल्यों की स्थापना संभव होती है। तुलसी विवाह जैसे पर्व हमें प्रकृति, परिवार और समाज के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे धार्मिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेकर समाज में सकारात्मकता का संदेश फैलाएं। गोबिंदानंद आश्रम में भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य एवं आश्रम की महंत सर्वेश्वरी गिरी की अगुवाई में रविवार को सायंकाल आयोजित तुलसी विवाह में संत महात्माओं सहित नगर के गणमान्य जनों के साथ भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



### आयुर्वेद का उद्देश्य केवल उपचार नहीं, बल्कि मनुष्य को पूर्ण रूप से स्वस्थ रखना : कुलपति

**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है। आयुर्वेद का उद्देश्य केवल रोग का उपचार नहीं, बल्कि मनुष्य को पूर्ण रूप से स्वस्थ रखना है। कुलपति प्रो. धीमान सोमवार को आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित नव प्रवेशित बीएएमएस विद्यार्थियों के परिचय एवं स्वागत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले नव प्रवेशित बीएएमएस विद्यार्थियों का तिलक करके और फूलों की वर्षा करके विश्वविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। इसके पश्चात भगवान धन्वंतरि जी की पूजा-अर्चना की गई। नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने अपना-अपना परिचय दिया। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, कार्यक्रम संयोजक प्रो. दीप्ति पराशर और प्रॉक्टर प्रो. सतीश कुमार वत्स समेत संस्थान के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में अब बीएएमएस के साथ-साथ एमडी/एमएस एवं पीएचडी स्तर के कोर्स भी शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह समय अपनी योग्यता सिद्ध करने का है। हरियाणा में अब बिना खर्च और बिना सिफारिश युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

## विलुप्त हुई सांस्कृतिक को उजागर करने का एक मंच बनेगा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 विश्व पटल पर अपनी एक अनोखी छाप छोड़ेगा। इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। अहम पहलू यह है कि इस महोत्सव की तैयारियों के साथ-साथ कार्यक्रमों का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है।



**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस महोत्सव की गूंज देश, प्रदेश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी सुनाई देगी। इस महोत्सव के हर लम्हें को देश प्रदेश ही नहीं बल्कि घर बैठे विदेशों में भी लोग ऑनलाइन देख पाएंगे। इतना ही नहीं इस महोत्सव में विलुप्त हुई सांस्कृतिक कला को उजागर करने के लिए एक बड़ा मंच तैयार किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस महोत्सव से पहले ही कई कार्यक्रमों का आगाज हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 20 से 27 नवंबर तक गीता क्विज और सोशल मीडिया प्रमोशन का कार्यक्रम होगा, इसके अलावा 28 नवंबर को गीता सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, 29 नवंबर को विद्यार्थियों द्वारा रंगोली, क्राफ्ट मेला, स्कैच, गीता श्लोक और कल्चर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 29 नवंबर को सुबह 10:30 बजे क्राफ्ट मेला और गीता प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा तथा सायं के समय में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, 30 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्रीमदभगवद गीता कथा दोपहर 2 से सायं 3 बजे गीता यज्ञ, सायं 3 बजे से 5 बजे तक गीता सद्भावना यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह सायं 6 बजे से 6:30 बजे तक गीता महाआरती का आयोजन किया जाएगा,।

## कार्यक्रम | कुलपति ने किया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन

महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों की एक बैठक का आयोजन

# अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन भारतीय संस्कृति और वैश्विक शांति संदेश को साझा करने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय में सोमवार को फैकल्टी लॉज में 24 से 26 नवम्बर 2025 तक श्रीमद भगवदगीतोक्त स्वधर्मः कर्तव्यनिष्ठा, शान्ति और सद्भावना की प्रेरणा विषय पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले 10वें अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन-2025 की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. सोमनाथ



सचदेवा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने तीन दिवसीय सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन भी किया। बैठक में सम्मेलन के आयोजन हेतु गठित सभी समितियों के संयोजकों व सदस्यों ने भाग लिया। सम्मेलन 24 से 26 नवंबर 2025 तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम से संबंधित सभी व्यवस्थाओं, कार्य-योजनाओं तथा विभागीय उत्तरदायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### विदेश मंत्रालय आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहा

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह सम्मेलन गीता के वैश्विक संदेश को विश्व समुदाय तक पहुँचाने का एक सार्थक प्रयास है और सभी समितियाँ समन्वय एवं समयबद्ध कार्य योजना के साथ कार्य करें। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन न केवल शैक्षिक विमर्श का महत्वपूर्ण मंच है, बल्कि भारतीय दर्शन, संस्कृति और वैश्विक शांति संदेश को साझा करने का अवसर भी है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस बार विदेश मंत्रालय विशेष रूप से इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय सम्मेलन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 15 विभागों द्वारा 13 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित तकनीकी सत्रों की रिकॉर्डिंग की जाएगी। साथ ही, विशिष्ट वक्ताओं के विशेष वीडियो कैप्सूल और सोशल मीडिया रील्स भी तैयार किए जाएंगे, ताकि गीता संदेश को अधिक व्यापक और आधुनिक माध्यमों के द्वारा प्रसारित किया जा सके।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, सम्मेलन निदेशक प्रो. तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. मोहिन्द्र चांद, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. कृष्णा देवी, डीवाएसीए निदेशक प्रो. विवेक चावला, प्रो. वनिता ढींगरा, प्रो. मंजूला चौधरी, प्रो. रीटा, प्रो. कुलदीप सिंह, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. सुरजीत, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. कुशविंदर कौर, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. रूचि गुप्ता, डॉ. सुशील कुमार, डीवाएसीए की उप-निदेशक डॉ. सलोनी पी दिवान सहित विभिन्न समितियों के संयोजक व सदस्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ऑन द स्पॉट मिलेगा दाखिला, खुला पोर्टल

**अंबाला।** कौशल विकास एवं अद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से आईटीआई में दाखिले के लिए एक बार फिर पोर्टल को ओपन कर दिया गया है। विभाग ने 8वीं बार पोर्टल ओपन किया है, ताकि रिक्त सीटों को भरा जा सके। ऐसे में आईटीआई में दाखिला लेने से वंचित विद्यार्थी 5 नवंबर तक ऑन द स्पॉट दाखिला ले सकते हैं। बता दें कि जिले में 15-20% तक सीटें अभी खाली हैं।

### पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 6 को होगा

**अंबाला।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा 6 नवंबर को प्रातः 11 बजे एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के सभागार में बाल दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। बाल कल्याण परिषद के अधिकारी विश्वास मलिक ने जानकारी दी।

### ड्रोन प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**अंबाला।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, पंचकुला के जिला प्रबंधक जगरूप सिंह द्वारा बताया कि ड्रोन इमेजिन और इंफॉरमेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड के माध्यम से अनुसूचित जाति के पुरूष व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन पायलट प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिसकी पात्रता में प्रशिक्षु व्यक्ति की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो एवं शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास और परिवार पहचान पत्र में परिवार की वार्षिक आय 3 लाख तक हो।

### बिजली अदालत का आयोजन आज

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय नजदीक अजीत पेट्रोल पंप, बलदेवनगर में 4 नवंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधित शिकायत बैठक में रख सकता है।


### शिविर लोगों के लिए कारगर सिद्ध हो रहे

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर में जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं। उन शिकायतो का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है ताकि लोगों की जो भी समस्याएं है उनका समय रहते निदान हो सके। शिविर लोगों के लिए बेहद कारगर भी सिद्ध हो रहे हैं। यहां पर लोग सुगमता से अपनी समस्याओं को रखकर उनका निवारण भी करवा रहे हैं। उपायुक्त सोमवार को अपने कार्यालय के सभागार में समाधान शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे।

### विदेश भेजने के नाम पर सात लाख की ठगी

**अंबाला।** रूपो माजरा के रहने वाले राजमिस्त्री धर्मपाल के बेटे को लक्जमबर्ग भेजने का झांसा देकर एजेंटों ने धोखाधड़ी से 7 लाख हड़प लिए। सेक्टर-9 पुलिस ने एजेंट पंजोखरा के हरभजन सिंह, जंडली गांव के हरप्रीत सिंह व रूपो माजरा के सतीश सैनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसने जलबेहड़ा रोड स्थित सन स्काई ओवरसीज में बेटे गुरविंद्र सिंह को विदेश भेजने को लेकर फाइल लगाई थी।

### तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपी दबोचे



**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज फिरौती की मांग को लेकर तोड़फोड़ कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी निखिल, राकेश राठी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राकेश को पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी निखिल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# हरियाणवी संस्कृति पर आधारित शानदार प्रस्तुतियों से मचाया धमाल

- डीसी अजय सिंह तोमर बोले-युवा कल का भविष्य, लक्ष्य हासिल करने के लिए करें कड़ी मेहनत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला






अंबाला। युवा महोत्सव का शुभारंभ करते डीसी व प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि युवा कल का भविष्य है। जीवन में उन्होंने जो भी लक्ष्य निर्धारित किया है उसके तहत उन्हें कड़ी मेहनत करके उसे हासिल करना है। जिला युवा महोत्सव एक ऐसा मंच होता है जहां से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ते हैं। यह एक बेहतर प्लेटफार्म होता है। उपायुक्त ने यह अभिव्यक्ति जिला प्रशासन तथा युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग द्वारा पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जिला युवा महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि अपने संबोधन में कहे। इससे पहले उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीपशिखा प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उनके साथ एसीयूटी राहुल कंवरिया भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर मुख्य अतिथि का आईटीआई के प्रधानाचार्य व अन्य स्टाफगण ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि देश के नवनिर्माण में युवाओं का अहम योगदान होगा। इसलिए युवा अपने कौशल के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारते हुए जीवन में आगे बढ़ें। उन्होने कहा कि आज युवा हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश व प्रदेश का नाम भी रोशन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने में युवाओं का भी अहम योगदान होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेकर जीवन में आगे बढें। उन्होंने विभाग द्वारा यहां पर आयोजित जिला युवा महोत्सव कार्यक्रम की भी सराहना की।

यहां पर हरियाणवी संस्कृति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों की डीसी ने जमकर सराहना की। एसीयूटी राहुल कंवरिया ने कहा कि युवाओं ने यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जो प्रस्तुति पेश की है वह बेहद ही उम्दा है। इन प्रस्तुतियों में हरियाणा की झलक साफ देखने को मिल रही है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे नशे जैसी कुरूतियों से दूर रहें। उन्होने कहा कि जिला युवा महोत्सव में यहां पर प्रतिभागियो का भाग लेना दर्शाता है कि वे हर क्षेत्र में आगे हैं।

### दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव कार्यक्रम

इस अवसर पर आईटीआई अम्बाला शहर के कार्यकारी प्रधानाचार्य दिनेश राणा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि जिला प्रशासन के सौजन्य एवं युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग (हरियाणा) द्वारा यहां पर दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के विभिन्न आईटीआई, कालेजों व स्कूलों के विद्यार्थी भाग ले रहे है। यहां पर समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, लोक वाद्य यंत्र तथा समूह के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताएं शामिल है। मौके पर उप प्रधानाचार्य विनिता संधू, उप प्रधानाचार्य यशपाल ढांडा, उप प्रधानाचार्य सुल्तान, उप प्रधानाचार्य गुरचरण सिंह, आईटीआई से दीपक गोयल, धर्म सिंह, सतीश, जय नारायण, मनोज के साथ अन्य स्टाफ कर्मचारी मौजूद रहे।

## बसों के रूट पर 23 आधुनिक बस क्यू शेल्टर का भी हो रहा निर्माण

# परिवहन मंत्री का ग्रीन तोहफा: 15 बसों से अब लोकल सफर बनेगा कूल और ग्रीन

*नई बसों के आने से बस सेवा हुई पर्यावरण अनुकूल, यात्रियों को मिल रहा फायदा*

- पांच और नई एसी ई-बसें मिलने से शहरवासियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। रोडवेज के बेड़े में शामिल एसी बसें। फोटो : हरिभूमि

परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला में पर्यावरण के अनुकूल लोकल शहरी बस सेवा को बढ़ावा देने के लिए पांच और नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों (ई-बस) को लोकल रुट पर शामिल किया गया है। इससे पहले 10 इलेक्ट्रिक बसें थी। अब पांच नई इलेक्ट्रिक बसें मिलने पर इनकी संख्या 15 हो गई है जोकि पर्यावरण के अनुकूल बेहतर एवं सकारात्मक कदम है।

विज ने कहा कि लोकल शहरी बस सेवा को यात्रियों के लिए आरामदायक बनाने के लिए पांच और नई इलेक्ट्रिक एसी बसें रोडवेज डिपो को मिल चुकी हैं। इनका संचालन लोकल रुट पर किया जाएगा। ई-बसों के संचालन से यात्रियों का सफर आरामदायक एवं सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसें पर्यावरण अनुकूल होने के साथ-साथ वातानुकूलित है। महानगरों की तर्ज पर अंबाला में भी लोकल बस सेवा को पूरी तरह से वातानुकूलित ई-बस सेवा में बदलने की ओर कदम बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यात्रियों को बसों का इंतजार करने के लिए खड़े न रहना पड़े इसके लिए लोकल बस रुट पर आधुनिक 23 नए बस क्यू शेल्टर बनाने का कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है।

इन बस क्यू शेल्टरों में लोगों के बैठने के साथ-साथ बिजली व लाइट की सुविधा भी होगी। गौरतलब है कि इस समय लोकल परिवहन की बढ़ती मांग को देखते हुए कुल 25 बसों का संचालन परिवहन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसमें अब इलेक्ट्रिक एसी बसों की संख्या 15 हो गई है। परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि लोकल बस सेवा का लाभ अधिक से अधिक यात्रियों को मुहैया कराने व बसों की इंतजार में यात्रियों को दिक्कत न हो इसके लिए अंबाला छावनी में नगर परिषद द्वारा 23 स्थानों पर आधुनिक बस क्यू शेल्टरों का निर्माण किया जा रहा है। आधुनिक क्यू शेल्टर में बैठने के अलावा लाइट व पंखे की व्यवस्था युक्त है। बस क्यू शेल्टर कैपिटल चौक, चुंगी चौक, टुंडला, डिफेंस कॉलोनी, कलरहेड़ी, शास्त्री कॉलोनी, डीआरएम ऑफिस, सुंदर नगर, चंद्रपुरी कॉलोनी, मच्छौंडा, शाहपुर, सिविल अस्पताल , सुभाष पार्क, बीडी फ्लोर मील, हाथीखाना मंदिर, रंगिया मंडी चौक, नन्हेड़ा, एसडी कॉलेज, महेशनगर, टांगरी बांध रोड, बब्याल, दिलीपगढ़ व बोह में बनाए जा रहे हैं।

#### नई बसें शामिल

विज के प्रयासों से अंबाला में लोकल बस सेवा को लगभग 25 वर्षों बाद पुनः प्रारंभ किया जा सका है। मंत्री ने बीते वर्ष 1 नवंबर को 10 मिनी बसों के साथ परिवहन सेवा की शुरुआत की थी। इसके बाद इसी वर्ष गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी को लोकल बस सेवा में 5 इलेक्ट्रिक एसी बसों को शामिल किया गया था। फिर पांच जून 2025 को बस सेवा में 5 और इलेक्ट्रिक बसें शामिल की गई थी जिसके बाद 5 और नई बसें शामिल होने से परिवहन सेवा में कुल 15 इलेक्ट्रिक बसें हो चुकी हैं।

#### इन रूटों पर चल रही लोकल बस सेवा

अभी परिवहन विभाग की ओर से अंबाला शहर से अम्बाला कैंट, अंबाला शहर से सुभाष पार्क व नन्हेड़ा, अंबाला शहर से अंबाला कैंट, महेशनगर, बब्याल, बोह, अंबाला शहर से अंबाला कैंट , डिफेंस कॉलोनी, कलरहेड़ी व पंजोखरा साहिब तक, अंबाला शहर से अंबाला कैंट , शास्त्री कॉलोनी, डीआरएम, शाहपुर , कोटकछुआ, अंबाला शहर से अंबाला कैंट, शास्त्री कॉलोनी , डीआरएम, शाहपुर, मोहड़ी, अंबाला कैंट, बलदेव नगर व एमएम अस्पताल तक, अंबाला शहर से अंबाला कैंट, महेशनगर , करधान व ब्राह्मण माजरा तक, अंबाला शहर से अंबाला कैंट शास्त्री कॉलोनी, शाहपुर, दुखेड़ी , अंबाला कैंट, अंबाला शहर तक बसें चलाई जा रही हैं। इसके अलावा अंबाला शहर से अंबाला कैंट, उगाड़ा , बाड़ा, तेजा मोहड़ी, अंबाला कैंट , अंबाला शहर तक बस चलाई जा रही है। इसके साथ ही अंबाला शहर से अंबाला कैंट , शास्त्री कॉलोनी , डीआरएम, शाहपुर, मोहड़ा, बड़ौला व मालवा तक भी एसी बस का संचालन किया जा रहा है।



अंबाला। व्याख्यान के दौरान छात्र।

### गुरु नानक देव की उपलब्धियों पर डाला प्रकाश

**अंबाला।** राजकीय स्नातकोत्तर कालेज छावनी के पंजाबी - हिंदी विभाग व महत्वपूर्ण दिवस समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुनानक देव की जयंती के उपलक्ष पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। पंजाबी भाषा के कवि व लेखक, डॉ. सुदर्शन गासो, इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा ने मुख्य अतिथि का विधिवत रूप से स्वागत किया। प्राचार्य डॉ बाजवा ने विद्यार्थियों को गुरू नानक देव के जीवन व उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉ. गासो ने अपने व्याख्यान में गुरू नानक देव की उपलब्धियों व पंजाबी साहित्य में उनके अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग से प्रो. सुरेश ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर एमए हिंदी, एमए पंजाबी के विद्यार्थियों के साथ साथ बीए पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। व्याख्यान के दौरान पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम रानी, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. नीरू भाटिया, प्रोफेसर गुलाब सिंह, डॉ. मंजीत कौर, डॉ. रितू रानी, प्रो. रेखा व महत्वपूर्ण दिवस समारोह समिति से प्रो. सुरेश कुमार उपस्थित रहे।

## रागी और ढाड़ी जत्थों ने मधुर शब्द-कीर्तन से संगत को किया निहाल



अंबाला। नगर कीर्तन की अगुवाई करते पांच प्यारे। फोटो : हरिभूमि

**बराड़ा।** प्रथम पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से ओतप्रोत भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। सतगुरु नानक प्रगटिए, मिटी धुंध जग चानन होआ के पावन स्वर से सम्पूर्ण नगर गूंज उठा।गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की प्रबंधक कमेटी एवं क्षेत्र की श्रद्धालु संगतों के सहयोग से निकाले गए नगर कीर्तन ने पूरे नगर को एक आध्यात्मिक ज्योति से आलोकित कर दिया। नगर कीर्तन की अगुवाई पांच प्यारों ने की, जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन पालकी की छत्रछाया में आगे-आगे चल रहे थे। पालकी को फूलों, रेशमी चादरों और रंग-बिरंगी झालरों से सुंदर रूप में सजाया गया था।इस दौरान प्रसिद्ध रागी और ढाड़ी जत्थों ने मधुर शब्द-कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया। गतका पार्टी के युवाओं ने अपनी वीरता और कला का मनमोहक प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं की वाहवाही लूटी। नगर कीर्तन में एसएमएस सीनियर सैकेंडरी स्कूल, अकाल अकादमी होली, मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा अन्य कई स्कूलों के बच्चों ने भी बैंड और झांकियों के माध्यम से गुरु नानक देव जी के उपदेशों को साकार रूप में प्रस्तुत किया।गुरुद्वारा सिंह सभा बसंतपुरा से आरंभ हुआ यह नगर कीर्तन रेलवे स्टेशन, एमसी कार्यालय, महाराणा प्रताप चौक, बस स्टैंड, महाराजा रणजीत सिंह चौक, गोयल मार्केट और मुख्य बाजार से होता हुआ गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में जाकर संपन्न हुआ।



अंबाला। कार्यक्रम में साधकों को संबोधित करती साध्वी राधिका भारती।

### संसार की माया भी दलदल के सामान

**अंबाला।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा सेक्टर 8 स्थित श्री कृष्ण कृपा मंदिर में हे साधकों कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री राधिका भारती ने कहा कि अपने जीवन-संग्राम की प्रत्येक परिस्थिति के विरोध में एक मनुष्य तब ही गांडीव उठा सकता है जब उसके भीतर मोह-वृत्तियों का नाश हो जाए और इसके लिए श्री कृष्ण जैसे सदगुरु का होना अनिवार्य है। दलदल में फंसे किसी व्यक्ति को वही बाहर निकाल सकता है जो स्वयं उस दलदल के बाहर हो। संसार की माया भी एक दलदल ही है और श्री कृष्ण मायापति होने के कारण माया से सर्वथा निर्लिप्त हैं। इसी कारण वे ब्रह्मज्ञान द्वारा अर्जुन को मोह व अज्ञान रूपी दलदल से बाहर निकाल लाए।

## शिक्षकों को लैंगिक संवेदनशीलता के महत्व से करवाया अवगत



अंबाला। वर्कशॉप के दौरान मौजूद शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

- मेवरिक्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई वर्कशॉप

**मुलाना।** मेवरिक्स इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित सीबीपी के अंतर्गत /"लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर एक प्रेरणादायक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।इस वर्कशॉप का उद्देश्य शिक्षकों को लिंग आधारित भेदभाव को समझने, उसके समाधान के उपाय अपनाने, और छात्रों में समानता व सम्मान की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम की *मुख्य वक्ता* के रूप में अमिता सचदेवा और वंदना शर्मा ने अपनी बहुमूल्य जानकारी और अनुभव साझा किए। उन्होंने शिक्षकों को लैंगिक संवेदनशीलता के महत्व, कक्षा में इसके प्रयोग और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से इसे समझाया। स्कूल की प्राचार्या सुमन पाहवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि "एक संवेदनशील शिक्षक ही समावेशी समाज की नींव रखता है। इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों को संवेदनशील और जागरूक बनाती हैं। स्कूल के चेयरमैन रमेश चौहान ने सराहना करते हुए कहा कि, "समाज में सकारात्मक बदलाव शिक्षकों के माध्यम से ही लाया जा सकता है और यह वर्कशॉप उसी दिशा में एक सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया और उन्होंने इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

## महेंद्रगढ़ की दिवाक्षी अब बॉलीवुड फिल्म में आएगी नजर



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद की 9वीं कक्षा की छात्रा दिवाक्षी का चयन बॉलीवुड मूवी कला एक संघर्ष में क्लासिकल डांस के लिए किया गया है। यह फिल्म नृत्य और संघर्ष पर आधारित है और दिवाक्षी का चयन इस फिल्म के लिए उनकी बेहतरीन परफॉर्मेंस के आधार पर हुआ। दिवाक्षी ने एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित आडिशन में भाग लिया था, जहां फिल्म के डायरेक्टर मिस्टर अली रॉय और सपना सिंह ने उनकी नृत्य प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें फिल्म में शामिल करने का निर्णय लिया। महेंद्रगढ़ निवासी दिवाक्षी की सफलता की कहानी न केवल उनके नृत्य कौशल, बल्कि उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है। दिवाक्षी के पिता दीपक व माता ज्योति ने बताया कि वह बचपन से ही नृत्य में रुचि रखती थीं। ढाई साल की उम्र में ही दिवाक्षी ने स्टेज पर नृत्य प्रस्तुतियां देना शुरू कर दिया था। उन्होंने नेशनल यूनियन क्लासिकल डांसर का खिताब भी जीता है और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उनके प्रदर्शन ने न केवल अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि उन्होंने अपने गांव और समाज में भी कला के प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाया है। फिल्म कला एक संघर्ष में दिवाक्षी के साथ बॉलीवुड के अभिनेता मुस्ताक खान, प्रदीप कावरा, इकरार मल्लिक (यू-ट्यूबर) और डीआईडी के द्वितीय विजेता हरुण राव भी महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं।

**कार्यक्रम** मोरनी हिल्स में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में स्कूल प्रिंसिपलों से बोले-डीईओ

# विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ स्काउटिंग की शिक्षा भी करें प्रदान

- जिले 60 स्कूलों के प्रिंसिपल शिविर में ले रहे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। प्रशिक्षण शिविर में स्कूल प्रिंसिपलों को वक्तव्य देते जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

स्काउटिंग का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास के साथ-साथ अच्छे नागरिक के गुण और आत्म अनुशासन विकसित करना है। यह एक ऐसा स्वैच्छिक, गैर राजनीतिक और शैक्षिक आंदोलन है जो युवाओं को चरित्रवान, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है। ये शब्द जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा विशेष रूप से अंबाला के स्कूल प्रिंसिपलों के लिए मोरनी हिल्स में आयोजित राज्य के प्रथम बुनियादी स्काउटिंग प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यअतिथि के तौर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग हमें अपने औरों और ईश्वर के प्रति कर्तव्य परायण बने रहने की सीख देती है। अपने प्रति कर्तव्य का अर्थ है कि हमें हर हाल में अपने आप को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ व प्रसन्न रखना है। औरों के प्रति कर्तव्य का मतलब है कि हमें विनम्रता के साथ सदा दूसरों की सेवा एवं सहायता करने के लिए तत्पर रहना है और इसी प्रकार ईश्वर व प्रकृति के प्रति कर्तव्य परायण होने का अर्थ है कि हमें ईश्वर के जीवों के प्रति दया भाव रखते हुए प्रकृति की स्वच्छता, सुंदरता और उसके पर्यावरण को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग ही है जो हमें विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिकता और साहस के साथ जीना सिखाती है। इसलिए आज के अति प्रतिस्पर्धात्मक एवं भौतिकतावादी समय में यह आवश्यक हो गया है कि हम अपने विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम के साथ-साथ उन्हें स्काउटिंग की शिक्षा भी प्रदान करें।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

बताया कि उनके साथ-साथ राज्य मुख्यालय से मुख्य लेखा अंकेक्षक आरके गुप्ता, जिला स्काउट एवं गाइड आयुक्त संजय शर्मा, मनोज कुमार, संदीप गुप्ता, सद्दाम हुसैन, रितु यादव और शिवम भी अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण के बाद इन सभी 60 स्कूलों में सफलतापूर्वक स्काउट यूनिट्स शुरू की जा सकेंगी। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी, उप जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार, मान सिंह और नितिन भी उपस्थित रहे।

#### बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान

कार्यक्रम की विशेष रोचकता यह रही कि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा कार्यक्रम में पूरी तरह स्काउट के रंग में रंगे दिखे। वे सारे कार्यक्रम में न केवल चुस्त दुरुस्त स्काउट यूनिफॉर्म पहने हुए मौजूद रहे बल्कि एक स्काउट के विनम्रतापूर्वक सेवा के सिद्धांत का अनुपालन करते हुए वे प्रतिभागी प्रिंसिपलों और बच्चों को स्वयं अपने हाथों से नाश्ता भी वितरित करते नजर आए। स्कूल प्रिंसिपलों को प्रशिक्षण देने के लिए विशेष रूप से पहुंचे भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य प्रशिक्षण आयुक्त लक्ष्मी वर्मा ने स्कूल प्रिंसिपलों को संबोधित करते हुए बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के आग्रह पर भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा स्कूल प्रिंसिपलों के लिए पहली बार स्काउटिंग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में 60 स्कूलों के प्रिंसिपल और छात्र स्काउटिंग का बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।